
# मोकामा-मुंगेर ग्रीनफील्ड एनएच-33 के अलाइनमेंट पर 2243.16 करोड़ से बनेगी सड़क : नितिन नवीन

## टेंडर जारी

**संवाददाता, पटना**

**मोकामा**-मुंगेर ग्रीनफील्ड एनएच-33 के अलाइनमेंट पर फोरलेन सड़क निर्माण के लिए एनएचएआइ, नयी दिल्ली ने निविदा जारी कर दी है. करीब 82.40 किमी लंबाई में निर्माण के लिए इस परियोजना की अनुमानित लागत करीब 2243.16 करोड़ रुपये है. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि 10 सितंबर, 2025 है.



इसके लगभग 14 किमी कजरा-मुंगेर हिस्से में रक्सौल-हल्दिया एक्सप्रेसवे भी शामिल हैं. अगले दो महीने में निर्माण एजेंसी का चयन कर काम शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है. यह जानकारी पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने गुरुवार को दी.

उन्होंने इसके लिए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का आभार व्यक्त किया है. साथ ही कहा है कि राज्य सरकार द्वारा इस परियोजना के निर्माण में एनएचएआइ को हर प्रकार का सहयोग प्रदान दिया जायेगा. मंत्री ने बताया कि परियोजना के तहत फोरलेन निर्माण के लिए ग्रीनफील्ड अलाइनमेंट पर जरूरी जमीन का अधिग्रहण किया जा रहा है. इस सड़क के निर्माण से बक्सर से मिर्जाचौकी तक फोरलेन के माध्यम से सीधी संपर्कता सुनिश्चित हो सकेगी. साथ ही आवागमन सुगम हो जायेगा. श्री नवीन ने आगे कहा कि राज्य में अधारभूत संरचनाओं के विकास के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की परिकल्पना के अनुसार इस फोरलेन पथ का निर्माण किया जा रहा है. इस फोरलेन का निर्माण पूरा होने के बाद राज्य के सुदूर क्षेत्र के लोगों को पथ निर्माण विभाग के लिए निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप चार घंटे में राजधानी पटना पहुंचाने के लक्ष्य प्राप्ति में मदद मिलेगी. काम पूरा करने के लिए कार्य आवंटन के बाद ढाई वर्ष का समय निर्धारित किया गया है. संवेदक द्वारा निर्माण के बाद अगले 15 वर्षों तक मेंटेनेंस का काम किया जायेगा.